लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं दी हैं । अपने संदेश में, श्रीमती महाजन ने कहा हैः

> "मैं सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं देती हूं। मैं अपने सशस्त्र बलों के जवानों को भी शुभकामनाएं देती हूं जो अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दिन-रात अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हैं। आज जब हम भारत गणतंत्र की वर्षगांठ मना रहे हैं तो हमें यह याद रखना चाहिए कि गत छह से भी अधिक दशकों से भारत को एक आधुनिक और प्रगतिशील देश के रूप में विकसित करने में हमारे संविधान का सार्थक योगदान रहा है। आइए, हम उन महानुभावों को नमन करें जिन्होंने हमें ऐसा जीवंत संविधान दिया। इस दिन हम आत्मचिंतन करें कि हमारी क्या उपलब्धियां रही हैं और हम कहां पिछड़ गए हैं और अपने संविधान में उल्लिखित उद्देश्यों को हम कैसे पूरा करेंगे।"